आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 02.11.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने हरिद्वार स्थित पतंजलि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित किया।
- श्रीमती मुर्मु ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में महिलाओं और पुरुषों की समान भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया।
- प्रदेश में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आदि कैलाश क्षेत्र में पहली बार 'आदि कैलाश परिक्रमा रन' का आयोजन।
- आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में आज भारत का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा।
- इसरो आज शाम देश के सबसे भारी संचार उपग्रह सीएमएस–03 का प्रक्षेपण करेगा।

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए महिलाओं और पुरुषों की समान भागीदारी आवश्यक है। हरिद्वार में आज पतंजलि विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षित बेटियाँ भारत का गौरव बढ़ाएँगी।

कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने योग को विश्व स्तर पर नई पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ी क्रांति आई है और भारत की प्राचीन संस्कृति का पुनरुत्थान हो रहा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि नई शिक्षा नीति के माध्यम से उत्तराखंड शोध और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में तकनीकी नवाचार और रोजगार के नए अवसर बन रहे हैं तथा युवाओं को नौकरी खोजने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

इससे पहले राष्ट्रपति के जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचने पर राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनका स्वागत किया।

राष्ट्रपति मुर्मू आज देहरादून के राजपुर रोड़ में फुट ओवर ब्रिज का उद्घाटन करेंगी और राष्ट्रपति निकेतन में अंतर्राष्ट्रीय साहित्य, संस्कृति और कला महोत्सव के प्रतिभागियों के साथ बातचीत करेंगी।

वे कल देहरादून में आयोजित विधानसभा के विशेष सत्र को भी संबोधित करेंगी और इसके बाद नैनीताल राजभवन की स्थापना के 125 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित समारोह में शामिल होंगी।

राष्ट्रपति 4 नवंबर को कैंची धाम में नीम करोली बाबा के आश्रम दर्शन करेंगी और नैनीताल स्थित कुमाऊं विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी।

साहसिक पर्यटन

प्रदेश के साहसिक पर्यटन के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। राज्य की पहली हाई–एल्टीट्यूड अल्ट्रा मैराथन– 'आदि कैलाश परिक्रमा रन' ने हाल ही में आदि कैलाश के पवित्र और दुर्गम क्षेत्र में सफलतापूर्वक अपनी शुरुआत की। इस ऐतिहासिक दौड़ में 100 से अधिक अल्ट्रा धावकों ने हिस्सा लिया, जिनका जोश और हौसला शून्य से 7 डिग्री सेल्सियस तक की कड़ाके की ठंड में भी देखने योग्य था।

केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि यह मैराथन उत्तराखंड राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित की गई है और इसका उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देना है।

इगास

उत्तराखंड का पारंपरिक लोक पर्व इगास (बूढ़ी दीपावली) प्रदेशभर में हर्षोल्लास, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस पर्व पर उत्तरकाशी में सांस्कृतिक विरासत की अनूठी छटा देखने को मिली। रामलीला मैदान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में चीड़ की लकड़ी और रस्सी से बनी मशालें जलाकर, ढोल–दमाऊं की पारंपरिक धुनों पर युवाओं और महिलाओं ने लोकगीतों के साथ भैलो नृत्य प्रस्तुत किया।
रुद्रप्रयाग जिले के गुलाबराय मैदान में सामूहिक भैलो का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि उत्तराखंड की लोक संस्कृति, परंपराएं और लोक पर्व हमारी पहचान हैं, जिन्हें संजोकर रखना सभी का दायित्व है। इस दौरान जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने गढ़वाली बोली में जिलेवासियों को इगास की बधाई दी।

स्वच्छता अभियान

उत्तराखण्ड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चम्पावत जिले में रजत जयंती समारोह के तहत बड़े स्तर पर स्वच्छता अभियान और वरिष्ठ जनों के सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के सभी नगर पालिका, नगर पंचायतों, ग्राम व न्याय पंचायतों में आमजन की सहभागिता के साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया और "एक पेड़ माँ के नाम" के तहत वृक्षारोपण भी किया गया।
टनकपुर, बनबसा, चम्पावत और लोहाघाट नगर पालिका क्षेत्रों तथा डिप्टेश्वर मंदिर परिसर में स्थानीय नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और पर्यावरण मित्रों ने मिलकर कुन्तलों कचरा एकत्र कर उसका निस्तारण किया।
लोहाघाट नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सौरव नेगी ने बताया कि राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती कार्यक्रमों के तहत 1 से 11 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।
राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में उधमसिंह नगर जिला युवा कल्याण विभाग दो दिवसीय युवा महोत्सव का आयोजन कर रहा है। जिला युवा कल्याण अधिकारी बी. एस. रावत ने बताया कि जिले के सभी सात ब्लॉकों के विभिन्न विद्यालयों के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने पंजीकरण के माध्यम से विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया है।

हादसे दो की मृत्यु

नैनीताल–हल्द्वानी रोड पर दोगांव के पास कल देर रात पर्यटकों का वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया, जिसमें दो व्यक्तियों की मौत हो गई, जबकि 16 अन्य पर्यटक घायल हो गए। घायलों का उपचार नजदीकी अस्पताल में चल रहा है। दिल्ली निवासी पर्यटकों का यह दल बीते दिनों बाबा नीब करौरी के दर्शन के लिए कैंची धाम आया था और शनिवार देर रात दिल्ली लौटते समय यह हादसा हो गया।

सीएमएस–03 का प्रक्षेपण

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो आज शाम 5 बजकर 26 मिनट पर देश के सबसे भारी संचार उपग्रह सीएमएस–03 का प्रक्षेपण करेगा। यह प्रक्षेपण आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से किया जाएगा। सीएमएस–03 एक बहु–बैंड सैन्य संचार उपग्रह है, जिसे जीसैट–7आर के नाम से भी जाना जाता है। इसे देश के सबसे शक्तिशाली रॉकेट, लॉच वेहिकल मार्क 3 के माध्यम से प्रक्षेपित किया जाएगा। इसरो ने कहा कि यह उपग्रह है भारतीय भूभाग सहित समुद्री क्षेत्र में विस्तृत सेवाएँ प्रदान करेगा।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच

आईसीसी महिला क्रिकेट विश्‍व कप के फाइनल में आज भारत का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। मैच नवी मुंबई के डी वाई पाटिल स्टेडियम में दोपहर बाद तीन बजे शुरू होगा।

भारत ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को 125 रन से हरा कर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई थी।

दोनों टीमें अभी तक विश्व कप खिताब नहीं जीत सकी हैं। भारतीय टीम तीसरी बार विश्व कप का फाइनल खेलेगी। दक्षिण अफ्रीका का यह पहला विश्‍व कप फाइनल है।

वहीं, पुरुष मुकाबले में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टी–20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच आज होबार्ट में खेला जाएगा। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर बाद एक बजकर 45 मिनट से शुरू होगा। पांच मैच की श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया 1–0 से आगे है। मेलबर्न में दूसरे टी–20 मैच में भारत को हार का सामना करना पड़ा था।